प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–19.07.2023 (सं0–346)

ATS, बिहार के द्वारा NIA कांड सख्या RC 31/2022/NIA/DLI में वाछिंत अभियुक्त याकूब खान उर्फ सुलतान उर्फ उस्मान की गिरफ्तारी

राष्ट्रीय अन्वेषन अभिकरण, **NIA** द्वारा **RC-31/2022/NIA/DLI** दिनांक 22.07.2022 धारा – 120, 120(बी), 121, 121(ए), 153(ए), 153(बी), 34 भा0द0वी0 एवं धारा 13 विधि विरूध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम में वांछित 06 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु बिहार पुलिस से अनुरोध किया गया था।

तत्पश्चात् बिहार पुलिस द्वारा दिनांक 19.07.2023 को आतंकवाद निरोधक दस्ता (**ATS**), बिहार पटना एंव मोतिहारी पुलिस के सयुंक्त कारवाई मे **NIA** कांड सख्या **RC 31/2022/NIA/DLI** में वांछित अभियुक्त याकूब खान उर्फ सुलतान उर्फ उस्मान, पिता मो0 अयुब खान, साकिन–इमादपत्ती, थाना–चकिया, जिला–मोतिहारी को चकिया थनान्तर्गत उत्तर गोवन्दरा गॉव से गिरफ्तार किया गया। अग्रतर वैधानिक कार्रवाई हेतु उक्त अभियुक्त को **NIA** को सुपुर्द किया जा रहा है।

विदित हो कि उक्त कांड के दो अभियुक्तों को पूर्व में **ATS**, बिहार के द्वारा गिरफ्तार कर **NIA** को सुपुर्द किया जा चुका है ।

- वांछित अभियुक्त इरशाद आलम, पिता नईमुद्दीन असांरी, पता हरपुनाग, थाना–मेहसी, जिला–पूर्वी चम्पारण को दिनांक 17.03.2023 को **ATS** के द्वारा हरपुनाग थाना मेहसी जिला पूर्वी चंपारण से गिरफ्तार किया गया था।
- अभियुक्त मुमताज अंसारी, पे0 मो0 अनवर हुसैन, साकिन वार्ड न0–05, हरपुरनाग, थाना मेहसी, जिला–पूर्वी चम्पारण को दिनांक 19.06.2023 को थाना पेरियापल्लम, जिला–तिरीवल्लूर, जिला तमिलनाडु क्षेत्र से ए0टी0एस0, बिहार, पटना द्वारा स्थानीय पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर **NIA** को सुपूर्द किया गया हैं।

XXXXXXX